Regarding setting up of modern Aayush hospital in Muradabad for ensuring better health facilities to the locals

श्रीमती रुचि वीरा (मुरादाबाद): सभापति महोदया, धन्यवाद ।

सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण जनहित के विषय की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । मुरादाबाद जनपद एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में वर्तमान स्वास्थ्य सुविधाएं अत्यंत असीमित हैं । विशेष रूप से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से, जैसे आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी है ।

मुरादाबाद शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों की आबादी निवास करती है, किंतु, दुर्भाग्यवश पूरे मुरादाबाद जनपद और समवर्ती जिलों में कहीं भी समर्पित आयुष अस्पताल उपलब्ध नहीं हैं । लोगों को छोटे-छोटे उपचार के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है । इसके कारण गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को अत याधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । देश में आयुष चिकित्सा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत् है । परंतु, मुरादाबाद जैसे बड़े जनसंख्या वाले जिले में आज भी एक आयुष अस्पताल नहीं है । यह चिंता का विषय है ।

इसलिए, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार और आयुष मंत्रालय से आग्रह करती हूं कि मुरादाबाद जनपद में शीघ्रतिशीघ्र एक नवीन और आधुनिक आयुष अस्पताल की स्थापना की जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को आयुर्वेद का लाभ मिल सके ।

धन्यवाद ।